दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
पुनरावृत्ति पत्रिका (2018–19)

कक्षा : पाँचवी

विषय : हिन्दी

उपविषय – पाठ 8 – अनोखा यज्ञ, पाठ 10 – मेट्रो की कहानी : मेट्रो की ज़बानी, पाठ 11 – स्टीफ़न हॉकिंग, पाठ 12 – चाँद एक गुब्बारा (कविता) ।

व्याकरण – क्रिया भेदों सहित, पर्यायवाची शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, विशेषण भेदों सहित, अनुच्छेद लेखन, अपठित गद्यांश, पठित गद्यांश।

## अपठित गद्यांश

प्र० 1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

महापुरुष महात्मा गांधी जी का जन्म 2 अक्तूबर 1869 को गुजरात के पोरबन्दर में हुआ था। उनके पिता करमचन्द गांधी और उनकी माता का नाम पुतलीबाई था जो कि धार्मिक विचारों वाली महिला थी। गांधी जी हमेशा कहते थे, 'बुरा मत देखो, बुरा मत सुनो, और बुरा मत कहो'। वे सादा जीवन, उच्च विचार की सोच रखने वाले महान पुरुष थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन सदाचार में गुज़ारा और अपनी पूरी ज़िदगी राष्ट्रहित में कुर्बान कर दी। उन्होंने अपने व्यक्तित्व का प्रभाव न केवल भारत में ही बल्कि पूरे संसार में डाला। महात्मा गांधी महानायक थे जिनके कार्यों की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी ही कम है। गांधी जी अहिंसा के पुजारी थे। महात्मा गांधी के जीवन के दो हथियार थे – सत्य और अहिंसा। इन्हीं के बल पर उन्होंने भारत को गुलामी से आज़ाद करवाया और अंग्रेज़ों को भारत छोड़ने पर मज़बूर कर दिया। उन्होंने अपने जीवन में हिंदू–मुस्लिम को एक करने की कोशिश की। विश्व इतिहास के महान तथा अमर नायक महात्मा गांधी आजीवन सत्य, अहिंसा और प्रेम का पथ प्रदर्शित करते रहे। पूरे विश्व में गांधी जयंती अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाई जाती है। गांधी जी ने अपना समस्त जीवन देश सेवा में समर्पित कर दिया जो आधुनिक युग में भी लोगों को प्रेरित करता है।

क निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए –
1 गांधी जी का जन्म कब और कहाँ पर हुआ ?
2 गांधी जी के जीवन के कौन से दो हथियार थे ?

ख निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए –
1 आज़ाद – स्वतंत्र, परतंत्र
2 पथ – शहर, रास्ता

ग सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाइए –
1 महात्मा गांधी जी हिंसा के पुजारी थे। ( )
2 महात्मा गांधी जी के पिता का नाम करमचन्द गांधी था। ( )

घ निम्नलिखित वाक्यों में सही विकल्प चुनकर लिखिए –
1 गांधी जी कैसी सोच रखने वाले महापुरुष थे ?
i) सामान्य विचार ☐ ii) उच्च विचार ☐
2 गांधी जी किसके पुजारी थे ?
i) अहिंसा ☐ ii) हिंसा ☐

## पाठ से संबंधित

प्र० 2 निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए प्रश्नों के उत्तर लिखें :–

संसार के महानतम वैज्ञानिकों में से एक और अमरीका का सबसे 'उच्च नागरिक सम्मान' पाने वाले इस महान वैज्ञानिक का नाम है – स्टीफ़न हॉकिंग। इनका जन्म 8 जनवरी, सन् 1942 को ऑक्सफोर्ड (इंग्लैंड) में हुआ था। इनके पिता फ्रेंक हॉकिंग भी एक वैज्ञानिक ही थे। स्टीफ़न की आरंभिक शिक्षा अल्बॉस स्कूल में हुई थी। बचपन से ही वे पढ़ने में बहुत

तेज़ थे। अपने आसपास की चीज़ों को जानने और समझने में इन्हें बहुत मज़ा आता था। जब भी इन्हें कोई खराब रेडियो या घड़ी मिल जाती, तो वे उसे ठीक करने बैठ जाते।

क निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

1 स्टीफ़न का जन्म कब हुआ और इनके पिता का नाम क्या था ?

2 स्टीफ़न की आरंभिक शिक्षा कहाँ हुई और वे बचपन से ही पढ़ने में कैसे थे ?

ख सही (✓) या गलत (✗) का निशान लगाइए :–

1 स्टीफ़न हॉकिंग संसार के महानतम चित्रकारों में से एक हैं। ☐

प्र० 3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखें :–

क मेट्रो रेल का संग्रहालय क्यों देखना चाहिए ?

ख सारा दरबार उत्सुकता से संन्यासी की ओर क्यों देखता है ?

ग 'ए ब्रीफ़ हिस्ट्री ऑफ़ टाइम पुस्तक' के माध्यम से स्टीफ़न ने क्या समझाने की चेष्टा की है ?

प्र० 4 निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :–

क सभी ———— प्रशंसा करते– करते अपने–अपने घर की राह लेते हैं।

ख हर स्टेशन पर ———— चिकित्सा का प्रबंध है।

ग सन् 1966 में स्टीफ़न हॉकिंग को कैंब्रिज विश्वविद्यालय से ———— की डिग्री प्राप्त हुई।

प्र० 5 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए :–

क सन्नाटा ख उपलब्ध ग विलक्षण

प्र० 6 सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाइए :–

क किसके अभाव में मनुष्य अस्वस्थ हो जाता है ?

i) धन का अभाव ii) श्रम का अभाव

ख मेट्रो का सफ़र कैसा है ?

i) शानदार ii) भीड़भाड़ वाला

ग कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में उन्होंने किस विषय में शोध कार्य शुरू किया ?

i) रसायन शास्त्र में ii) भौतिकी में

प्र० 7 एक या दो शब्दों में उत्तर लिखिए :–

क अपनी बीमारी से पूर्व वे किस विषय पर शोध कर रहे थे ?

ख किस उपकरण की सहायता से स्टीफ़न हॉकिंग लोगों के प्रश्नों के उत्तर देते थे ?

प्र० 8 निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूरी करें :–

क तब से ही हम देख–देख कर इसे, ————,<br>
————, पर पकड़ न उसको पाते हैं।

ख चमकदार यह हमे दूर से ————।<br>
———— छूट गया गुब्बारा है।

## व्याकरण

प्र० 9 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित क्रिया शब्दों के भेद लिखिए :–

क रमेश कॉलेज <u>जा रहा है।</u>

ख राम छत पर <u>सो रहा है।</u>

ग गीता मीठे चावल खा रही है।

घ दादी कहानी सुना रही है।

प्र० 10 रेखांकित क्रिया शब्दों के सही भेद चुनकर लिखिए :–

क माँ सब के लिए खीर बना रही है।

1) अकर्मक 2) सकर्मक

ख पार्क में बच्चे खेल रहे हैं।

1) अकर्मक 2) सकर्मक

ग मेरी दीदी मेंहदी लगवा रही है।

1) अकर्मक 2) सकर्मक

घ मोहन दर्द से रो रहा है।

1) अकर्मक 2) सकर्मक

प्र० 11 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित विशेषण शब्दों के भेद लिखिए :–

क हमारे घर में एक लंबी गाड़ी है।

ख पुस्तकालय में पाँच बच्चे बैठे हैं।

ग माँ को तीन मीटर रस्सी चाहिए।

घ बगीचे में सुंदर फूल खिले हैं।

प्र० 12 रेखांकित विशेषण शब्दों के सही भेद चुन कर लिखिए :–

| | | |
|---|---|---|
| क | यह मेरा तौलिया है। | (परिमाण / सार्वनामिक) |
| ख | बोतल में एक लीटर दूध है। | (संख्यावाचक / परिमाणवाचक) |
| ग | मीना के पास चार सेब हैं। | (परिमाण / संख्यावाचक) |
| घ | हमें मधुर वाणी बोलनी चाहिए। | (गुणवाचक, सार्वनामिक) |

प्र० 13 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के पर्यायवाची लिखिए :–

क मोहन और सोहन एक दूसरे के शत्रु हैं।

ख हमें प्रतिदिन स्नान करके अपने शरीर को साफ़ रखना चाहिए।

ग मैंने ठंडा जल पीया।

घ बच्चा धीरे–धीरे दूध पी रहा है।

प्र० 14 कोष्ठक में दिए गए शब्दों के उचित पर्यायवाची रिक्त स्थानों में भरिए :–

| | | |
|---|---|---|
| क | कुछ बच्चे तालाब के ———————— पर खेल रहे हैं। | (किनारे) |
| ख | एक ज़हरीला ——————— घर में घुस गया। | (साँप) |
| ग | मोहन तो ——————— का पुजारी है। | (शिव) |
| घ | राहुल अपने माता–पिता का इकलौता ———— है। | (पुत्र) |

प्र० 15 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखकर रिक्त स्थान भरिए :–

क मेरा भाई हमेशा दूर की सोचता है, वह —————————— है।

ख सलीम गाँव में रहता है, वह ———————— है।

ग रीना कम खर्च करती है, वह —————————— है।

घ कुछ बच्चे हर बात जानने की इच्छा रखते हैं वे ——————— होते हैं।

प्र० 16 निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :–

क शेर मांस खाता है, वह ————————— है।

ख महमूद काम से जी चुराता है, वह ———————— है।

ग    विनोद में स्वार्थ की भावना है, वह ------------ है।

प्र० 17    'व्यस्त जीवन में परिवार का महत्व' विषय पर सहायक सूची के माध्यम से एक अनुच्छेद लिखें (शब्द सीमा – 80–90)

सहायक सूची –    मनुष्य, जीवन, परिवार, महत्व, अकेलापन, मन अशांत, बुरी सोच, चिढ़चिढ़ापन, परेशानी भरा जीवन, माता–पिता, भाई–बहन, चाचा–चाची, दादा–दादी, सदस्य, मदद, प्यार, शांति, खुशी, अपनापन, सुखी जीवन।